# राष्ट्रीय बीज निगम लिमिटेड

*(भारत सरकार की एक उपक्रम मिनीरत्न कंपनी)*

**(CIN NO: U 74899 DL 1963 GOI 003913)**

**क्षेत्रीय कार्यालय: पुणे -411037**

सं.अभि.8(18)/रा.बी.नि.लि.-पुणे/2023-24 दिनांक : 12.03.2024

## निविदा आमंत्रित करने की सूचना

राष्ट्रीय बीज निगम लिमिटेड (NSCL), एक अनुसूची 'बी' मिनी-रत्न श्रेणी-I कंपनी और प्रमाणित बीजों के उत्पादन और वितरण के व्यवसाय में लगे कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय के तहत तेजी से बढ़ते केंद्रीय PSU उपक्रम है। एन एस सी, क्षेत्रीय कार्यालय, पुणे द्वारा 01 वर्ष (अप्रैल – 2024 से मार्च – 2025) की अवधि के लिए वाहन प्रदान करने के लिए वाहन प्रदान करने वाली एजेंसियों से दो बोली प्रणाली "निविदा (दो बोली प्रणाली के तहत-तकनीकी बोली और वित्तीय बोली)" के तहत ऑफलाइन निविदा आमंत्रित की है। निविदा और नियम और शर्तों का विवरण एनएससी वेबसाइट www.indiaseeds.com पर उपलब्ध है।

| **निविदा विवरण** | |
|---|---|
| एनआईटी जारी करने की तारीख | 13.03.2024 |
| निविदा दस्तावेज बिक्री प्रारंभ होने की तिथि | 13.03.2024 समय 10:00 AM |
| निविदा दस्तावेज बिक्री की अंतिम तिथि | 03.04.2024 समय 13:30 PM |
| निविदा में भाग लेने की अंतिम तिथि और समय | 03.04.2024 समय 13:30 PM |
| तकनीकी बोली खुलने की तारीख | 03.04.2024 समय 14:30 PM |
| वित्तीय बोली खुलने की तारीख | 03.04.2024 समय 15:30 PM (यदि संभव हो तो) |
| निविदा शुल्क | Rs. – 590/- गैर वापसी (जीएसटी सहित) |
| ईएमडी | Rs. – 15000/- (रुपये पंद्रह हजार मात्र) |
| संपर्क नंबर और पता | क्षेत्रीय प्रबंधक, राष्ट्रीय बीज निगम लिमिटेड,<br>681-690, बीजभवन, मार्केट यार्ड,<br>गुलटेकड़ी, पुणे – 411037<br>020-24264587<br>9960700707 एवं 8956991069 |
| ई-मेल आईडी | 1. rm.pune@indiaseeds.com<br>2. engg.nscpune@gmail.com |

क्षेत्रीय प्रबंधक,

# कार को किराये पर लेने के लिए निविदा के नियम एवं शर्ते

1. शासकीय संस्थाओं, ट्रेवल एजेंसीज एवं अधिकृत व्यक्तियो के पास अपनें स्वामित्व और अधिकार में संभागीय परिवहन विभाग द्वारा वर्ष 2018 या उसके बाद की पंजीकृत सफ़ेद रंग की वाणिज्यक **स्विफ्ट / स्विफ्ट डिजायर / होंडा अमेज / जाइलों / टवेरा / आरटिगा / इनोवा / इनोवा क्रिस्टा या इसके समकक्ष** कार अच्छी हालत में और संतोषजनक सेवा देने योग्य होनी चाहिए।
2. निविदा प्रपत्र 2 बीड सिस्टम के अंतर्गत टेक्निकल बीड और प्राइस बीड अलग-अलग मोहर बंद लिफाफे में प्रस्तुत करनी है। निविदा प्रपत्र तथा नियम एवं शर्ते कार्यालय दिवस/समय में पुणे स्थित क्षेत्रीय कार्यालय से रु 590/-(18% जी एस टी सहित) का भुगतान कर प्राप्त किए जा सकते है और एन॰एस॰सी॰ कि वेबसाइट www.indiaseeds.com से भी डाऊनलोड किया जा सकता है। डाऊनलोड किए गए टेंडर फार्म के साथ रु 590/- का डिमांड ड्राफ्ट जो राष्ट्रीय बीज निगम लिमिटेड, पुणे के नाम से जारी हो या राष्ट्रीय बीज निगम लिमिटेड के **भारतीय स्टेट बैंक के खाता संख्या-32919549520 IFSC कोड- SBIN0006117, शाखा- मार्केट यार्ड** में अनलाइन जमा कराया जा सकता है।
3. वाहन को प्रातः 9.30 बजे तक क्षेत्रीय कार्यालय पुणे में उपस्थित होना होगा तथा वाहन का माइलेज मीटर ओपनिंग एवं क्लोजिंग मीटर क्षेत्रीय कार्यालय पुणे से आरंभ होकर क्षेत्रीय पुणे में ही समाप्त होगा। जिसको प्रतिदिन लॉग – बुक में दर्ज करना होगा। वाहन उपयोग के दौरान रोजाना लॉग – बुक बनानी होगी तथा यात्रा करने वाले संबन्धित अधिकारी से हस्ताक्षर लेने होंगे जिसकी साप्ताहिक रूप से कार्यालय में निरीक्षण कराना होगा। यह लोग-बुक भुगतान के समय मासिक बिल के साथ प्रस्तुत करनी होगी।
4. कार्यालय कार्य से वाहन पुणे के बाहर भी जाएगा जिसके लिए कोई अतिरिक्त भुगतान नहीं किया जाएगा टोल-टैक्स आदि की बिल मासिक बिल के साथ संलग्न कर प्रस्तुत करनी होगी। पुणे से बाहर जाने पर वाहन चालक को रात्रि 8.00 बजे के बाद ठहराव पर रु. 200.00 प्रति ठहराव दिया जायेगा। क्षेत्रीय कार्यालय पुणे में 8.00 बजे के बाद वाहन प्रयोग होने पर रु. 50.00 प्रति घंटा अतिरिक्त देय होगा (अधिकतम रु. 200.00)। निविददाता को कार्यालय के दौरान किसी और कार्य को करने की अनुमति नहीं होगी तथा कार्य के दौरान वाहन हर समय उपलब्ध/उपस्थित रखना होगा।
5. जरुरत के अनुसार दिए गए समय पर वाहन उपलब्ध करना होगा। वाहन के चलाये जाने की अवधि में यदि वाहन किसी कारण से दुर्घटना, नुकसान या क्षतिग्रस्त आदि होने की स्थिति में निगम ज़िम्मेवार नहीं होगा। वाहन की सुरक्षा, रख-रखाव की पूर्ण ज़िम्मेदारी वाहन उपलब्ध करने वाली संस्था/व्यक्ति की होगी।
6. वाहन चलाने वाले चालक का वैध परिवहन (कमर्शियल) ड्राइविंग लाइसेंस की छाया प्रति हमारे कार्यालय में जमा करनी होगी एवं इसे निवदा के साथ प्रस्तुत करना भी आवश्यक होगा।
7. निविदादाता को निविदा के साथ धरोहर राशि के रूप में रु. 15000/- (रु पंद्रह हजार मात्र) का डिमांड ड्राफ्ट (राष्ट्रीय बीज निगम लिमिटेड, पुणे) के पक्ष में जमा करना होगा। यह राशि जब तक संस्था या व्यक्ति का कान्ट्रैक्ट रहेगा, जमा रहेगी तथा किए गए कांट्रेक्ट के सफलतापूर्वक समाप्ति पर ही रुपया 15000/- बिना ब्याज के वापसी किया जाएगा। टेंडर स्वीकृत होने के पश्चात निविदादाता द्वारा उपरोक्त शर्तों के अनुरूप कार्य न करने

के कारण यदि कार्य आदेश निरस्त करना पड़ता है तो धरोहर राशि के रूप में जमा धनराशि को जप्त कर ली जाएगी।

8. यदि निविदादाता वाहन की मांग पर वाहन को समय पर या सही हालत में उपलब्ध नहीं करता है। तो रु० 1000.00 प्रतिदिन के हिसाब से उसके मासिक बिल से काट लिया जाएगा और यदि उस दिन वाहन की अवश्यकता पड़ी तो वाहन बाहर से ले लिया जाएगा और इसके वास्तविक बिल की वसूली भी निविदादाता के मासिक बिल से कर ली जाएगी।

9. निविदा दाता द्वारा दी गई दरें 1 वर्ष (01.04.2024 से 31.03.2025) तक मान्य होगी यह अवधि दोनों पक्षों के राजीनामा से आगे बढ़ाई जा सकती है।

10. मासिक बिल का भुगतान अगले माह की 7 तारीख के बाद निविदादाता द्वारा बिल सत्यापित लॉग बुक सहित प्रस्तुत करने पर किया जाएगा माह के मध्य में कोई भुगतान या अग्रिम देय नहीं होगा। भुगतान में से नियमानुसार आयकर काटा जाएगा वह अन्य जो भी सरकारी कर समय-समय पर लागू होंगे वह भी निविदादाता द्वारा दे होगा।

11. निर्धारित समय दिनांक 03.04.2024 को अपराहन 13:30 बजे तक में प्राप्त निविदाओं को उसी दिन दिनांक 03.04.2024 को अपराहन 14:30 बजे तक निविदादाताओं या उनके प्रतिनिधियों के समक्ष (जो भी उपस्थित हो) के सामने खोला जाएगा और L-1 पार्टी के साथ मोलभाव किया जा सकता है।

12. क्षेत्रीय प्रबंधक राष्ट्रीय बीज निगम लिमिटेड, पुणे को यह अधिकार होगा कि वह बिना किसी कारण बताएं किसी भी या समस्त निविदाओं को रद्द कर सकते हैं। तथा न्यूनतम निविदा स्वीकार करने के लिए बाध्य नहीं होंगे।

13. निगम को यह अधिकार होगा कि वह इस कॉन्ट्रैक्ट को एक मांह का नोटिस देकर निरस्त कर सकता है।

14. वाहन को प्रतिदिन प्रातः 9:30 बजे से रात्रि 8:00 बजे तक उपलब्ध करना होगा।

15. वाहन को आवश्यकता अनुसार शासकीय अवकाश के दिनों में भी बुलाया जा सकता है।

16. निविदादाता को राष्ट्रीय बीज निगम लिमिटेड के साथ रुपया 500/- के नान ज्यूडिशियल स्टांप पर एग्रीमेंट करना होगा जिसकी रकम निविदादाता के द्वारा दी जाएगी।

17. वाहन/कार को मासिक आधार पर लिया जाएगा, मासिक दर 2500 किलोमीटर तक है, लेकिन यदि 2500 किलोमीटर से कम यात्रा की जाती है, तो पिछले महीने के शेष किलोमीटर अगले महीने में जोड़ दिए जाएंगे। (भुगतान ऊपर बताए अनुसार मासिक दर के आधार पर किया जाएगा और वार्षिक रूप से यह 30000 किलोमीटर तक होगा।)

# राष्ट्रीय बीज निगम लिमिटेड

**(भारत सरकार का संस्थान)**
**681 – 690, माकेयार्ड,गुलटेकड़ी**
**पुणे-411037**

**फोन: 020-24264587** **ई-मेल-rm.pune@indiaseeds.com**

## कार को किराये पर लेने के लिए निविदा

## टेक्निकल बिड (Technical Bid)

1. पार्टी का नाम व पता ______________________________
2. प्रोप्राईटर / पार्टनर का नाम ______________________________
3. फ़र्म का रजिस्ट्रेशन नं० (यदि हो तो) ______________________________
   (रजिस्ट्रेशन की कॉपी संलग्न करें)
4. जी०एस०टी० रजिस्ट्रेशन नं० (यदि हो तो) ______________________________
   (रजिस्ट्रेशन की कॉपी संलग्न करें)
5. इनकम टैक्स पैन नं० ______________________________
   (पैनकार्ड की कॉपी संलग्न करें)
6. कार का विवरण / निर्माता

| **कार का निर्माता** | **रजिस्ट्रेशन नं० (कॉपी संलग्न)** | **निर्माण वर्ष** | **कार का रंग** |
|---|---|---|---|
| स्विफ्ट / स्विफ्ट डिजायर / होंडा अमेज या इनके समकक्ष | | | |
| जाइलों / टवेरा / आरटिगा या इनके | | | |
| इनोवा या इनके समक्ष | | | |
| इनोवा क्रिस्टा या इनके समक्ष | | | |

7. धरोहर राशि रू० 15000/- के डिमांड ड्राफ्ट संख्या...............................दिनांक.......................

# राष्ट्रीय बीज निगम लिमिटेड


**(भारत सरकार का संस्थान)**

**681 – 690, मार्केयार्ड,गुलटेकड़ी**

**पुणे-411037**

**फोन: 020-24264587** **ई-मेल-rm.pune@indiaseeds.com**


**कार को किराये पर लेने के लिए निविदा**

**प्राइस बिड (Financial Bid)**

| **मासिक आधार** | | | |
|---|---|---|---|
| **कार का सम्पूर्ण विवरण** | **मासिक दर 2500 कि॰मी॰ तक रू॰** | **2500 कि॰मी॰ से अधिक कार चलाने कि दर प्रति कि॰मी॰** | **धरोहर राशि रू॰ 15000/- का विवरण** |
| स्विफ्ट / स्विफ्ट डिजायर / होंडा अमेज या इनके समकक्ष | | | |
| **आवश्यकता के आधार पर** | | | |
| **कार का सम्पूर्ण विवरण** | **दर (रुपये में ) (80 किलोमीटर / 08 घंटा)** | **दर (रुपये में ) आउट्स्टेशन प्रति किलोमीटर** | **दर (रुपये में ) अतिरिक्ति प्रति किलोमीटर** |
| स्विफ्ट / स्विफ्ट डिजायर / होंडा अमेज या इनके समकक्ष | | | |
| जाइलों / टवेरा / आरटिगा या इनके | | | |
| इनोवा या इनके समक्ष | | | |
| इनोवा क्रिस्टा या इनके समक्ष | | | |

# चेक लिस्ट

## <u>टेक्निकल बिड (Technical Bid) के साथ लगने वाले दस्तावेज</u>

1. निविदा प्रपत्र के साथ टेक्निकल बीड और प्राइस बीड अलग-अलग मोहर बंद लिफाफे में होना अनिवार्य है साथ ही दोनों लिफ़ाफ़े (टेक्निकल बीड एवं प्राइस बीड) एक अलग लिफाफा में बंद कर प्रस्तुत करना होगा।
2. निविदा प्रपत्र तथा नियम एवं शर्तो के भुगतान की रुपया 590/- की रसीद या डिमांड ड्राफ्ट (राष्ट्रीय बीज निगम लिमिटेड, पुणे के पक्ष में तथा पुणे में भुगतान हो)।
3. रुपया 15000/- धरोहर राशि का डिमांड ड्राफ्ट (राष्ट्रीय बीज निगम लिमिटेड, पुणे के पक्ष में तथा पुणे में भुगतान हो)।
4. नियम एवं शर्तो की स्टाम्प सहित हस्ताक्षर की हुई एक प्रति लगानी है।
5. फ़र्म का रजिस्ट्रेशन संख्या (रजिस्ट्रेशन की कॉपी संलग्न करें)।
6. उपलब्ध की जाने वाली कार के रजिस्ट्रेशन की कॉपी संलग्न करें।
7. जी०एस०टी० नंबर (रजिस्ट्रेशन की कॉपी संलग्न करें)।
8. इन्कम टैक्स पैन संख्या (पैन कार्ड की कॉपी संलग्न करें)।
9. वाहन चलाने वाले चालक का वैध परिवहन (Commercial) ड्राइविंग लाइसेन्स की कॉपी संलग्न करें।